दुकानों की जांच करने नहीं पहुंच रहा गठित दल, महंगे दामों में खरीदने पड़ रहे बीज

नवभारत न्यूज

बैतूल, 3 जुलाई. किसान खरीफ सीजन की तैयारी में किसान जुट गए है। किसानों ने फसल की बुवाई करने बीजों की खरीदी भी शुरू कर दी है, लेकिन किसानों को बीज के लिए अधिक दाम चुकाने पड़ रहे हैं।

बीज की सरकारी दरें कम, खुले बाजार में महंगा

जांच दल नहीं कर रहा दुकानों की जांच

खासकर मक्का और सोयाबीन के बीज महंगे दामों में बिक रहे है। बताया जा रहा है कि राज्य बीज दर निर्धारण समिति ने प्रमाणित बीजों की जो दरे जारी की है उसमें मक्का बीज 4350 रुपए प्रति क्विंटल दरें निर्धारित की गई, लेकिन निजी दुकानों पर बीज इससे कहीं महंगा बिक रहा है। वहीं हाईब्रिड मक्का बीज की दरें 11 हजार रुपए प्रति क्विंटल से ऊपर बताई जाती है। ऐसे में किसानों के लिए हाईब्रिड मक्का खरीदना दूर की कौड़ी साबित हो रहा है। बताया कि इस समय दुकानों पर आधा दर्जन से अधिक विभिन्न कंपनियों के ब्रांडेड बीज मार्केट में उपलब्ध है। जिनमें 4 किलो हाईब्रिड मक्का बैग की कीमत 2200 रुपए तक है। हालांकि राज्य बीज दर निर्धारण समिति ने प्रमाणित बीजों की दरो में कमी की है, लेकिन इसके बाद भी निजी बीज विक्रेताओं द्वारा ब्रांडेड कंपनियों का बीज मनमाने दामों पर बेचा जा रहा है।

जांच दल नहीं कर रहा दुकानों की जांच : कृषि विभाग द्वारा बीजों की जांच के लिए दल गठित किया गया है। लेकिन यह जांच दल भी दुकानों का निरीक्षण करने नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में दुकानदार हाईब्रिड के नाम पर किसानों को मनमाने दामों पर बीज थमा रहे हैं। बता दे कि जिले में लाइसेंसी बीज विक्रेताओं की संख्या 350 के लगभग है। किसानों का आरोप है कि ग्रामीण क्षेत्र में निजी दुकानदार महंगे दामों पर बीज विक्रय कर रहे है, जबकि बीज की सरकारी दरें बहुत कम है। खासकर मक्का और सोयाबीन का बीज महंगा बेचा जा रहा है। वहीं बीज निगम ने दलहनी फसलों के बीज की प्रमाणित दरों में कमी की है। लेकिन इन बीजों के दाम भी निजी दुकानों में अधिक है। जिससे किसान ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

घटे दलहनी फसलों के बीज के दाम : बीज निगम ने दलहनी फसलों के बीज की प्रमाणित दरों में कमी की है। उड़द बीज की दरें पिछले साल जहां 10620 रुपए प्रति क्विंटल थी। इस साल यह घटकर 10360 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गई है। इसी प्रकार मूंग बीज की दरें पिछले साल 12030 रुपए प्रति क्विंटल थी। इस साल घटकर 11 हजार 650 रुपए प्रति क्विंटल है।

> जब बीज की दरें निर्धारित की उस समय कृषि मंडी में जो रेट चल रहे थे, उसके आधार पर दरों का निर्धारण हुआ था। इस वजह से बीज की दरें कम है। यदि निजी बीज विक्रेता प्रिंट रेट से अधिक दाम पर बीज बेच रहे है तो इसकी जांच करके कार्रवाही की जायेगी।
>
> **रामबीर सिंह राजपूत,** सहायक संचालक, कृषि विभाग बैतूल

21391 एमटी बढ़ी खाद की मांग

इस साल कृषि विभाग ने खरीफ सीजन के रकबे में 540 हेक्टेयर की बढोत्तरी की है। जिसके अनुपात में खाद की मांग भी बढ़ी है। पिछले साल जिले में 4 लाख 55 हजार 510 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुआई हुई थी। जिसके अनुपात में 1 अप्रैल 25 से लेकर 30 सितंबर तक कुल 1,06,009 मेट्रिक टन खाद का उठाव हुआ था। इसे देखते हुए कृषि विभाग ने 1,27,400 मेट्रिक टन खाद का लक्ष्य रखा है। जिसमें अभी तक यूरिया 49511 एमटी, एसएसपी 8398 एमटी, डीएपी 7957, एमओपी 2436 एमटी और एनपीके 8754 मेट्रिक टन प्राप्त हो चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी डिमांड के अनुरूप आधे खाद का स्टॉक प्राप्त हो चुका है और विभाग के पास 30654 मेट्रिक टन खाद का स्टॉक है। खाद की आवश्यकता के अनुसार और खाद बुलाई जायेगी।

कृषि विभाग ने लिये बीज के 100 नमूने

कृषि विभाग ने बीज के 100 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे है। बताया जा रहा है कि इस साल कृषि विभाग ने बीज के 300 नमूने लेने का लक्ष्य रखा था, जिसमें से अभी तक 100 नमूने लिये जा चुके है। शेष नमूने भी जुटाये जा रहे है। विभाग ने बीज के जो 100 नमूने लिय है, उन्हें जांच के लिए भेज दिया है। कृषि विभाग का कहना है कि अभी जांच रिपोर्ट नहीं आई है। जांच रिपोर्ट आने में 30 दिन का समय लग जाता है। वैसे 45 बीज के नमूने की रिपोर्ट 8-10 दिनों में अपेक्षित है। क्योंकि इन बीजों के नमूने पहले भेज दिये गये थे। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसानों को सलाह दी जा रही है कि प्रमाणिम बीज ही खरीदे। किसान बोवनी से पहले बीज का अंकुरण परीक्षण कर ले और उसके बाद ही बीज की बुआई करे। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट में अमानक बीज पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाही होगी।

एक नजर में

24 घंटे में औसतन 23.7 मिमी वर्षा दर्ज

बैतूल। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 23.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 2 जुलाई प्रातः 8 बजे से 3 जुलाई प्रातः 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 16.4 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 72.0 मिमी, चिचोली में 8.0 मिमी, शाहपुर में 18.0 मिमी, मुलताई में 15.0 मिमी, प्रभात पट्टन में 27.4 मिमी, आमला में 38.0 मिमी, भैंसदेही में 33.0 मिमी, आठनेर में 9.2 मिमी तथा भीमपुर में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा ऋतु 2026-27 में अब तक औसतन 209.3 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

आयोग के सदस्य आज शाहपुर दौरे पर

बैतूल। मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे 4 जुलाई को बैतूल जिले के शाहपुर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री धुर्वे शनिवार को प्रातः 9 बजे बैतूल जिले के रामपुर रैयत निज निवास से शाहपुर पहुंचकर नगर के सभी 15 वार्डों का भ्रमण करेंगे। दोपहर बाद 4 बजे सदस्य श्री धुर्वे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पालासपानी रोड शाहपुर सहित उत्कृष्ट कन्या एवं बालक अनुसूचित जनजाति छात्रावास तथा सीनियर कन्या एवं बालक छात्रावासों का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), छात्रावास अधीक्षक उपस्थित रहेंगे। इसके बाद श्री धुर्वे शाम 6 बजे शाहपुर से प्रस्थान करेंगे और शाम 6.40 बजे अपने निज निवास रामपुर रैयत पहुंचेंगे।

विवाद में चाकूबाजी

आमला। ग्राम लालावाड़ी रेलवे क्रॉसिंग के पास मामूली विवाद के दौरान हुई चाकूबाजी की घटना का आमला पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। 30 जून को आरोपियों ने विनोद मोड़क एवं योगेंद्र मोड़क के साथ पहले हाथ-मुक्कों से मारपीट की, फिर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना स्वीकार कर ली।

बस स्टैंड शराब दुकान पर कम दाम का प्रचार, नियमों पर उठे सवाल

आमला। नगर के बस स्टैंड स्थित कंपोजिट अंग्रेजी एवं देशी मदिरा दुकान पर लगाए गए कम दाम के प्रचार बोर्ड और मूल्य सूची को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। दुकान के बाहर लगे बोर्ड में विभिन्न ब्रांड की शराब एमआरपी से कम कीमत पर उपलब्ध होने का उल्लेख किया गया है। इसे लेकर नगर में चर्चा है कि क्या शराब दुकान पर इस प्रकार का प्रचार और कम कीमत का प्रदर्शन मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम एवं आबकारी नियमों के अनुरूप है।स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब की बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से कम भाव, विशेष ऑफर अथवा

ग्राहकों को आकर्षित करने वाले प्रचार-प्रसार पर नियमों के तहत रोक है।यह म. प्र.आबकारी अधिनियम 23-ए का उलंघन है। ऐसे में दुकान के बाहर खुलेआम कम कीमत का बोर्ड लगाए जाने से आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस वर्ष प्रदेश में शराब दुकानों के ठेके ऊंची बोली पर दिए गए हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब शासन द्वारा निर्धारित एमआरपी लागू है, तब शराब की बोतलें एमआरपी से कम कीमत पर किस आधार पर बेची जा रही हैं। यदि वास्तव में कम दाम पर बिक्री हो रही है तो इसका वैधानिक आधार क्या है, इसकी जांच आवश्यक है।गुणवत्ता को लेकर भी चर्चाएं कम कीमत के कारण कुछ उपभोक्ताओं के बीच शराब की गुणवत्ता को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय निवासी सुरेन्द्र का कहना है कि, इस दुकान से शराब लेने के बाद कई बार सुबह सिरदर्द की शिकायत हुई। कम कीमत मिलने से लोगों के मन में संदेह होना स्वाभाविक है। हालांकि यह उनका व्यक्तिगत अनुभव है और इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि शराब नकली है। इसकी पुष्टि केवल आबकारी विभाग द्वारा जांच और आवश्यक परीक्षण के बाद ही हो सकती है। जागरूक लोगों ने आबकारी विभाग से मांग की है कि दुकान पर लगाए गए प्रचार बोर्ड, मूल्य सूची, निर्धारित बिक्री मूल्य तथा शराब की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

सामाजिक न्याय विभाग ने किया जागरुकता कार्यक्रम

बैतूल। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग भोपाल के शासकीय दल ने घोड़ाडोंगरी पहुंचकर शासन की जन-कल्याणकारी एवं विभागीय हितग्राही योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया। दल ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक व गीत-संगीत के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों से ग्रामीणों को जागरूक किया। आयुक्त सामाजिक न्याय विभाग दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार अनुसार, विभागीय दल ने घोड़ाडोंगरी में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही नशा न करें, नशा नाश

की जड़ है संदेश पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। गीत-संगीत के माध्यम से दल के सदस्यों ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की सलाह दी और नशे से रहें दूर, जीवन जियें भरपूर का नारा देते हुए उपस्थित लोगों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नीतू सिंह नर्रे ने कहा कि विभाग का उद्देश्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा सामाजिक बुराइयों के प्रति जनचेतना फैलाना है।

गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 वाहन किए जप्त

बैतूल। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 3 जुलाई को खनिज विभाग द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ आमला नगरीय क्षेत्र से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 48 एच 5174 एवं 01 वाहन पॉवरटेक ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडई 2082 को जप्त कर थाना आमला की अभिरक्षा

में खड़ा करवाया गया है। परिवहन कर्ताओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

एसोसिएशन ने किया पत्रकारों को सम्मानित

भैंसदेही। सांस्कृतिक भवन में म.प्र.प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की तहसील ईकाई के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर पेंशनर्स संगठन ने तहसील में कार्यरत सभी पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। तेज बरसात के बावजूद भी सांस्कृतिक भवन में इस गरिमामय सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्य गण जिला पदाधिकारी एवं मुख्यालय पर कार्यरत पत्रकार उपस्थित रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा वादिनि के छायाचित्र पर माल्यार्पण अर्पण के साथ किया गया, तत्पश्चात एसोसियेशन के ऊर्जावान तहसील

अध्यक्ष बाबूलाल राठौर ने इस कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत कर संगठन के विभिन्न कार्यकलापों की जानकारी साझा की। कार्यकम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए संगठन के जिलाध्यक्ष सुंदरलाल कड़वे, संभागीय अध्यक्ष अशोक बोरखडे, प्रबुद्धजन जिलाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, जिला सचिव शिवचरण हजारे ने उपस्थित पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुऐ पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को व्यापक स्तर पर उठाने और उनकी आवाज बनकर पहुंचने के लिए आभार व्यक्त करते हुऐ सहयोग प्रदान करने की बात कही।

10 जुलाई को होगा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

बैतूल। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन ने 10 जुलाई को राष्ट्रीय आह्वान के तहत मांग दिवस पर आंदोलन और प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यूनियन ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की भाजपा सरकार सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रही है तथा वर्ष 2018 से केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाई गई मानदेय राशि का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। यूनियन ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं से आंदोलन में शामिल होकर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में एकजुट होने की अपील की है। यूनियन की जिलाध्यक्ष सुनीता राजपाल, उपाध्यक्ष आशा सूरजे और सचिव इंदिरा भारद्वाज द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रदेश में लगभग 1.94 लाख आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और शिक्षा सहित कई विभागों के कार्यों का दायित्व निभा रही हैं। इसके बावजूद उन्हें कार्यस्थलों पर मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है, जिससे कई कार्यकर्ताओं की मृत्यु हो चुकी है तथा अनेक महिलाएं उच्च रक्तचाप, शुगर और माइग्रेन जैसी बीमारियों से पीड़ित हैं।

शिक्षा की बारीकियों से रूबरू हुए विद्यार्थी

बैतूल। शासकीय विधि महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ (स्टूडेंट इंडक्शन) कार्यक्रम का शुक्रवार को सफल समापन हुआ। 1 से 3 जुलाई तक आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विभिन्न सुविधाओं, छात्रवृत्ति योजनाओं, विधिक सहायता, पुस्तकालय, खेल गतिविधियों तथा उनके अधिकारों और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी देकर विधि शिक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हर्षवर्धन यादव ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के विजन, मिशन तथा विधि शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद डॉ. वंदना राहुल ने मानसिक स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवनशैली पर मार्गदर्शन देते हुए विद्यार्थियों को तनावमुक्त और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सीख दी। द्वितीय दिवस डॉ. चन्द्रशीला यादव ने विद्यार्थियों को विधि संकाय की शैक्षणिक संरचना और अध्ययन व्यवस्था से परिचित कराया।

परमंडल रेलवे अंडरब्रिज में जलभराव से आवागमन ठप

मुलताई। नगर से सटे ग्राम परमंडल में स्थित रेलवे अंडरब्रिज में बारिश के चलते जलभराव से आवागमन बाधित हो गया है। जल भराव का स्थाई समाधान करने की मांग को लेकर पूर्व विधायक एवं किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनीलम ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और डीआरएम को पत्र लिखा है। डॉ सुनीलम ने बताया ग्राम परमंडल स्थित रेलवे गेट क्रमांक 264-बी पर वर्ष 2024 में रेलवे द्वारा अंडरब्रिज का निर्माण कर पूर्व का रेलवे फाटक बंद कर दिया गया था। यह मार्ग आमला, जौलखेड़ा, खेड़ली बाजार, जंबाड़ा

सहित लगभग 150 गांवों के ग्रामीणों, किसानों, स्कूली छात्र-छात्राओं, मरीजों, व्यापारियों एवं दैनिक यात्रियों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है।वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही अंडरब्रिज में लगभग 3 से 4 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे लगभग तीन माह तक आवागमन बाधित होता रहता है जलभराव इतना अधिक होता है कि एक मोटर पंपों से भी प्रभावी जल निकासी संभव नहीं हो पाती। परिणामस्वरूप लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है तथा कई बार वाहन बीच मार्ग में फंस जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।डॉ सुनीलम ने कहा कि भारतीय रेलवे अपनी तकनीकी दक्षता एवं उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण कार्यों के लिए प्रसिद्ध है। ऐसे में इस प्रकार की गंभीर तकनीकी त्रुटि निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगाती है तथा आम नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा के प्रति भी गंभीर चिंता उत्पन्न करती है।डॉ सुनीलम ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि अंडरब्रिज का उच्च स्तरीय तकनीकी निरीक्षण कराकर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान शीघ्र सुनिश्चित किया जाए, जिससे नागरिकों को सुविधा मिल सके।

कार्यक्रम वीरांगना रानी दुर्गावती कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का समापन

समारोह : छात्राओं को मिली शैक्षणिक सुविधाओं की विस्तृत जानकारी

बैतूल। वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या महाविद्यालय, बैतूल में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नवप्रवेशित स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का सफलतापूर्वक समापन हुआ। 1 जुलाई से शुरू हुए इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, नई शिक्षा नीति-2020, विभिन्न सुविधाओं तथा छात्र कल्याण योजनाओं से परिचित कराते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करना रहा। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया

गया। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती माधुरी पल्ले ने दीक्षारंभ समारोह की रूपरेखा एवं उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नई शिक्षा नीति-2020, उपलब्ध संसाधनों तथा विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं की जानकारी देना है। प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष गुप्ता ने छात्राओं का स्वागत करते हुए महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल, प्रशिक्षण तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी और उनमें सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। डॉ. साधना डेहरिया ने महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की विकास यात्रा और प्रमुख उपलब्धियों से छात्राओं को अवगत कराया। स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. अकोइजम रेशमी देवी ने खेल गतिविधियों एवं महाविद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाओं की जानकारी दी। द्वितीय दिवस पर प्राचार्य डॉ. आशीष गुप्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, रूसा तथा वर्ल्ड बैंक प्रोजेक्ट्स की विस्तार से जानकारी देते हुए शिक्षा नीति में हुए बदलावों की आवश्यकता और उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं टी.पी.ओ. श्रीमती माधुरी पल्ले ने गृह विज्ञान पाठ्यक्रम, इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर, विषय से जुड़ी भ्रांतियों तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से उपलब्ध रोजगार संभावनाओं की जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ. मेघा मालवी ने एनएसएस की गतिविधियों एवं व्यक्तित्व विकास में इसकी भूमिका बताते हुए छात्राओं को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया। कम्प्यूटर विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री कविता विश्वास ने महाविद्यालय की कम्प्यूटर सुविधाओं तथा कम्प्यूटर क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। समापन दिवस पर पुस्तकालय प्रभारी डॉ. सरिता साहू ने पुस्तकालय की सुविधाओं से परिचित कराया।

पुलिस ने साइबर ठगी से बचाव की दी जानकारी

सारनी। साइबर क्राइम से बचने के लिए सेफ क्लिक अभियान के तहत सारनी पुलिस ने जामा मस्जिद पंहुच कर मुस्लिम समाज के लोगो को जानकारी दी। टीआई जयपाल इवनाती ने बताया कि जनता को ठगी से बचने के लिए पुलिस मुख्यालय ने विशेष अभियान चलाया है।

टीआई इवनाती ने कहा कि पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे एवं एसडीओपी प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन मे सभी धार्मिक स्थलों पर पुलिस विभाग शिविर लगाकर को जागरूक कर रही है। इस अभियान के तहत शुक्रवार को सारनी की जामा मस्जिद पंहुचकर मुस्लिम समाज के लोगो को

साइबर ठगी से बचने के उपाय बताये गये है। उन्होंने कहा कि सारनी मे करीबन आधा दर्जन लोग साइबर ठगी के शिकार हो चुके है। पुलिस कर्मी मोहित भाटी ने कहा कि साइबर क्राइम से बचाव के लिए किसी भी प्रकार के लिंक को क्लिक करने से बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग ने साइबर ठगी को रोकने के लिए 24 जून से 8 जुलाई तक विशेष सेल्फ क्लिक अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मकसद साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया जाना है। टीआई श्री इवनाती ने कहा कि ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्राड, क्यूआर स्केम एवं डिजिटल अरेस्ट जैसी जालसाजी से बचाव के लिए बड़ा सुरक्षा कवच सेफ क्लिक अभियान है।